Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 297 रायपुर, गुरुवार 21 नवम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 'आप' ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीद्वारों की पहली सूची जारी की



### दिल्ली चुनाव में अभी 3 महीने का समय बाकी

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने 11 कैंडिडेट्स की फर्स्ट लिस्ट जारी कर दी है। बता दें कि दिल्ली में चुनाव होने में अभी तीन महीने बाकी है। चुनाव आयोग ने अभी चुनावी कार्यक्रमों की भी घोषणा नहीं की है। इससे पहले उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर आप ने सबको चौंका दिया है। आइए जानते हैं कि दिल्ली में किस नेता को किस सीट से उम्मीदवार बनाया है-

आप पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की फर्स्ट लिस्ट जारी कर दी है, फर्स्ट लिस्ट में 11 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसमें अनिल झा, वीर सिंह धींगान और सोमेश शौकीन का भी नाम शामिल हैं। पहली सूची में किराड़ी से अनिल झा, छतरपुर से ब्रह्मा सिंह तंवर, रोहतास नगर से सरिता सिंह, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, लक्ष्मी नगर से बी.बी.त्यागी, बदरपुर से राम सिंह नेता, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन, घोंडा से गौरव शर्मा और सीमापुरी से वीर सिंह धींगान चुनाव लड़ेंगे।

दिल्ली में पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2015 में हुआ था, जहां आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया और 70 में से 62 सीटें जीतीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिर्फ 8 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि कांग्रेस को अपना खाता खोलने के लिए संघर्ष करना पड़ा। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी ने राज्य में सरकार बनाई और अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। हालाँकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को कई उथल-पुथल का सामना करना पड़ा।

## नदी पार कर छत्तीसगढ़ दाखिल हो रहे नक्सलियों से मुठभेड़, एक ढेर

### ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल

**सुकमा,** 21 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की सीमा से सटे ओडिशा के मल्कानगिरी जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. यह मुठभेड़ मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी के किनारे तड़के सुबह हुई. जानकारी के अनुसार, नक्सलियों के ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर शबरी नदी पार करने की सूचना के बाद ओडिशा पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. इसी दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला. इस मुठभेड़ में ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. वहीं मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों को घटनास्थल से एक नक्सली का शव भी बरामद हुआ है. फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है.

## झारखंड में बस पलटने से सात यात्रियों की मौत, कई घायल



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (न्यूज चैनल)। झारखंड के हजारीबाग जिले में बृहस्पतिवार को पटना जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम सात यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर गोरहर थाना क्षेत्र के पास हुई। बस सड़क पर मुड़ते समय पलट गई। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बस में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है।'' दुर्घटना के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। बस कोलकाता से पटना जा रही थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बीकानेर हाउस को कोर्ट ने दे दिया कुर्क करने का आदेश

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय राजधानी में पटियाला हाउस कोर्ट ने बीकानेर हाउस को कुर्क करने का आदेश दिया, जिसका स्वामित्व राजस्थान नगर निगम के पास है। एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान की नोखा नगर पालिका के बीच विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं होने के आधार पर कोर्ट ने आदेश जारी किया। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में वाणिज्यिक न्यायालय के न्यायाधीश विद्या प्रकाश ने अपने आदेश में कहा, %%चूंकि आप 21 जनवरी, 2020 को एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 50,31,512 रुपये के लिए आपके खिलाफ पारित समझौते को पूरा करने में विफल रहे हैं।




**चूहा-** सुनती हो, ज्यादातर एक्जिट पोल में महाराष्ट्र झारखंड में कमल खिलना बता रहे हैं।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन अब तो एक्जिट पोल पर भरोसा करना भी छोड़ दिए हैं।

## डोमिनिका में पीएम मोदी देश के टॉप अवार्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (न्यूज चैनल)। डोमिनिका ने कोविड-19 महामारी के दौरान इस कैरेबियाई राष्ट्र को दी गई मदद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदान और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने के उनके समर्पण के लिए प्रधानमंत्री मोदी को देश के शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री को बुधवार को भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने ''डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर'' प्रदान किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं।

## अडानी को गिरफ्तार किया जाए : राहुल गांधी



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (न्यूज चैनल) ।राहुल गांधी ने पूछा कि क्या वह अमेरिकी अभियोजकों द्वारा कथित सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट रिश्वत मामले में गौतम अडानी और अन्य पर आरोप लगाने का मुद्दा संसद में उठाएंगे, सवाल पूछे जाने पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इस मुद्दे को उठाऊं। पीएम मोदी 100 फीसदी इस आदमी की रक्षा कर रहे हैं। इस आदमी ने भ्रष्टाचार के जरिए भारत की संपत्ति हासिल की है। वह भाजपा को समर्थन देते हैं, हम इसे दोहराएंगे। जेपीसी हमारी मांग है लेकिन हम चाहते हैं कि अडानी को गिरफ्तार किया जाए। लेकिन हम जानते हैं कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री अडानी का समर्थन करते हैं, वह उनके संरक्षक हैं।

## मठ की मुखिया बनने किन्नर काजल की करा दी हत्या, 12 लाख में दी थी सुपारी



### पुलिस ने हत्याकांड में शामिल 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार** 21 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बंद पड़े पत्थर खदान में किन्नर काजल के अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस हत्याकांड में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि मठ की कुर्सी के लिए मुंबई की तपस्या ने काजल किन्नर की हत्या करवायी। इसके लिए बकायदा बजरंग दल के नेता ने 12 लाख रूपये की सुपारी भी दी। बलौदाबाजार पुलिस ने वारदात के 48 घंटे के भीतर इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 18 नवंबर को बलौदाबाजार जिले में ढाबाडीह गांव के बंद पड़े पत्थर खदान में महिला की लहूलुहान लाश मिली थी। शव के पास से डेढ़ लाख रुपए भी पुलिस ने बरामद किया गया था। पुलिस की जांच में पता चला कि शव महिला की नहीं बल्कि किन्नर की थी। जांच में शव ग्राम जोरा, रायपुर निवासी किन्नर काजल का होना पाया गया। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज थी। बलौदाबाजार एसपी विजय अग्रवाल ने बताय कि किन्नर मठ का प्रमुख बनने के लिए काजल दावेदार थी। ऐसे में काजल को रास्ते से हटाने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

पुलिस ने खुलासा किया कि किन्नरों के निवास भवन जोरा रायपुर में सभी किन्नर एक साथ रहते हैं। जिसमें आरोपी तपस्या किन्नर मुंबई से आकर रह रही है। काजल रायपुर की रहने वाली थी। हत्या की मुख्य आरोपी तपस्या किन्नर मठ की कुर्सी पाना चाहती थी। इसके लिए उसने काजल को रास्ते की सबसे बड़ी चुनौती मान रही थी। काजल को रास्ते से हटाने के लिए तपस्या ने हत्या की पूरी प्लानिंग की। मठ प्रमुख बनने की चाहत में आरोपी तपस्या ने निशा श्रीवास के साथ मिलकर काजल को रास्ते से हटाने की फूल प्रूफ प्लानिंग बनाई। इसके लिए उसने सितंबर 2024 में गणेश उत्सव से ही पैसा इकट्ठा करना शुरू कर दिया था।

काजल की हत्या के लिए तपस्या किन्नर ने पैसा इकट्ठा कर कुल 12 लाख रुपए निशा श्रीवास को दिए। प्लानिंग में निशा श्रीवास ने अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे जो कि बजरंग दल का कार्यकर्ता है, उसके जरिये हत्या के लिए एक सुपारी किलर को 6 लाख रुपए नकद दिए। लेकिन बाद में पता चला कि वह सुपारी किलर किसी अन्य मामले में जेल चला गया है। इसी बीच काजल की हत्या करने के लिए दो अन्य सुपारी किलर अंकुश और कुलदीप से सौदा किया गया। इसी बीच वारदात के 2 दिन पहले आरोप निशा श्रीवास अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे के साथ घटनास्थल ग्राम ढाबाडीह के पास पत्थर खदान को देखने भी आई। एसपी विजय अग्रवाल ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि काजल को मारने के लिए निशा किन्नर ने उसे झांसा देकर कार में बिठाया कि बलौदाबाजार में किसी से तीन लाख रुपए लेने हैं, जिसमें डेढ़ लाख रुपए काजल का हिस्सा होगा। निशा की अर्टिगा कार में ड्राइवर बंजारे 17 नवंबर को दोनों को लेकर बलौदाबाजार की ओर निकला। पीछे मोटरसाइकिल में सुपारी लेने वाले कुलदीप और अंकुश भी निकले। निशा किन्नर ने अमेरा गांव के पास कार रुकवाई। पीछे आ रहे कुलदीप और अंकुश भी कुछ दूरी पर रुके और दोनों ने निशा को तीन लाख रुपए दिए। डेढ़ लाख रुपए निशा ने काजल को दिए, फिर ढाबाडीह की ओर बड़ गये। घटनास्थल के करीब पहुंचकर तीनों कार से उतरे। इसके बाद पीछे-पीछे कुलदीप और अंकुश भी आ गए। इसी बीच ड्राइवर बंजारे ने निशा को कार में बिठाया और काजल को छोड़कर वापस रायपुर लौट आया। उधर कुलदीप और अंकुश ने धारदार हथियार से काजल की हत्या कर लाश को पत्थर खदान में ठिकाने लगाकर मौके से फरार हो गये। अंधे कत्ल का खुलासा होने के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर इस वारदात में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े 10 लाख रुपए बरामद किया गया है।

## आरपीएफ ने पकड़े दो तस्कर 6.35 लाख का गांजा जब्त



**रायपुर,** 21 नवंबर (हाईवे चैनल)। लंबे समय बाद अब रायपुर रेल मंडल की आरपीएफ टीम ने गांजा तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. जबकि रायपुर रेल मंडल से निकलने के बाद कई दिनों से गांजा तस्करों को नागपुर रेल मंडल की टीम ने पकड़ा था. हालांकि पिछले दिनों भिलाई सीआईबी ने भी एक गांजा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की थी.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रे.सु. ब. रायपुर रमन कुमार के दिशा निर्देशन एवम मार्गदर्शन में रेसुब पोस्ट सेटलमेंट प्रभारी अजय शर्मा के नेतृत्व में सीआईबी रायपुर, विशेष खुफिया शाखा रायपुर, टास्क टीम रायपुर की संयुक्त टीम के द्वारा महाराष्ट्र एवं झारखंड राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन रायपुर के पीएम नम्बर 01 खम्भा नम्बर 40 के पास 02 व्यक्ति जिनकी उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष, रंग सांवला काली दाढ़ी को घेरा बंदी कर पकड़े जिनके पास 03 ट्रॉली बेग रंग लाल, नीला , काला में मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया .

नाम-पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम पता नरेश नायक पिता परबे नायक उम्र 24 वर्ष निवासी बिडाबारू थाना- मदनपुर रामपुर जिला- कालाहांडी (ओडिशा) व रंजीत नायक पिता राजू नायक उम्र 20 वर्ष निवासी बूढ़ाडोरिंग पोस्ट उरलादानी थाना- मदनपुर रामपुर जिला- कालाहांडी (ओडिशा) के पास से जप्त गांजा का कुल वजन 31.780 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसका कीमती 6,35,600/( छह लाख पैंतीस हजार छः सौ रुपया) को एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही कर जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित विधिवत कार्यवाही उपरांत जब्त गांजा , संपूर्ण कागजात के साथ एनसीबी रायपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया.

## ध्वनि प्रदूषण मामला : हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर हुई सुनवाई, सरकार से मांगा जवाब



**बिलासपुर,** 21 नवंबर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट में डीजे और साउंड बॉक्स के शोर से लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से इस ध्वनि प्रदूषण को अल्ट्रा वायरस घोषित करने की मांग की गई. इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि मामले में लगातार कार्रवाई हो रही है.

याचिकाकर्ता ने कहा कि कोलाहल अधिनियम में इतने कड़े नियम है ही नहीं. एक या दो बार 500-1000 रुपये पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है. ना सामान की जब्ती होती है और ना ही कोई कड़े नियम बनाए गए है. कोर्ट ने मामले में सरकार को जवाब पेश करने कहा है. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भी डीजे के साथ लेजर और बीम लाइट से होने वाली परेशानियों पर चिंता जताई. कोर्ट ने कहा कि डीजे से हार्ट के साथ ऐसे लेजर लाइट से आम लोगों की आंखों को खतरा है. इसे रोकने के लिए राज्य सरकार को प्रयास करने चाहिए.

## निगम का एक और कार्यकाल समाप्ति की ओर, विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट को नहीं मिल पाई 5 सालों में मंजूरी





**धमतरी,** 21 नम्वबर (हाईवे चैनल)। धमतरी नगर निगम का एक और कार्यकाल समाप्ति की ओर है कभी भी चुनाव के चलते कार्यकाल समाप्त हो सकता है। ऐसे में लोगों में चर्चा हो रही है कि इस कार्यकाल में कुछ विकास हुए तो कुछ कार्य फंड के अभाव में शुरु ही नहीं हो पाये।

बता दे कि धमतरी नगर निगम द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाले वार्षिक बजट में हर साल अनुमानित आय, व्यय और उसके हिसाब से विकास कार्यो को प्रावधानित राशि के साथ शामिल किया जाता है। और उक्त कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का उद्देश्य होता है, लेकिन बजट में शामिल अधिकांश कार्य अब तक फाईलों की ही शोभा बढ़ा रहे है। सालों से हाईटेक बस स्टैण्ड के लिए अर्जुनी के आगे जमीन आरक्षित किया गया है, लेकिन फंड के अभाव में हाईटेक बस स्टैण्ड का निर्माण शुरु ही नहीं हो पाया है। जबकि वर्तमान बस स्टैण्ड में अब जगह कम पड़ने लगी है। अव्यवस्था भी हावी रहती है। इसी प्रकार गोलबाजार का पुर्ननिर्माण का प्रस्ताव सालों से निगम निगम बजट में किया जाता रहा है। लेकिन इस दिशा में न तो व्यापारियों से सहमति बनाने का और न ही काम आगे बढ़ाने का प्रयास हो पाया। आज भी जर्जर अव्यवस्थित गोल बाजार में शहर का मुख्य बाजार लगता है। शहर से डेयरियों को बाहर कर सोरम में गोकुलनगर बसाने का प्रयास हुआ लेकिन सफलता नही मिली डेयरी संचालक अपनी कई मांगो पर अड़ रहे। टेंडर निकाला गया लेकिन फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। और मवेशियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। मल्टी लेवल पार्किंग चमेली चौक के पीछे खाई में बनाने का प्रस्ताव सालो से निगम बजट में शामिल होता रहा है। लेकिन धरातल पर यह आ नहीं पाया है। पार्किंग के साथ सहव्यवसायिक परिसर का भी निर्माण होना था लेकिन प्रोजेक्ट फाईलों तक ही अटका हुआ है। ट्रांसपोर्ट नगर तो अब पुरानी बात हो गई है। पहले काफी प्रयास हुए लेकिन अब प्रयास भी बंद हो गया और निगम बजट में ट्रांसपोर्ट नगर का प्रावधान भी नहीं किया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्गो के किनारे भारी वाहने अव्यवस्थित ढंग से खड़ी रहती है। जो कि दुर्घटना व यातायात जाम का कारण भी बनती है। ऐसे कई कार्य है जो बीते 5 सालों के कार्यकाल में पूरी नहीं हो पायें।

- **हाईटेक बस स्टैण्ड, गोल बाजार का पुर्ननिर्माण, मल्टी लेवल पार्किंग, गोकुलनगर, ट्रांसपोर्ट नगर सहित कई योनजाएँ फाईलो तक रह गई सीमित**